
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 199 मुरादाबाद 16 November 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## भारत में श्रीगणेश से होता है शुभ कार्य, यहां भी घर-घर में श्री गणेश विराजमान- मोदी



पीएम नरेन्द्र मोदी 17वें जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए इंडोनेशिया के बाली में हैं। बाली के अपूर्व केम्पिसंकी होटल में शिखर सम्मेलन हो रहा है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने पीएम का जोरदार स्वागत किया। पीएम ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। मोदी ने अपने संबोधन में रूस-यूक्रेन युद्ध पर खुलकर अपनी बात रखी। मोदी ने कहा कि कोरोना और रूस-यूक्रेन युद्ध ने विश्व में तबाही मचाई है। हमें युद्ध विराम का रास्ता खोजना होगा। पिछली सदी में विश्व युद्ध ने दुनिया में कहर बरपाया था, जिसके बाद उस समय के नेताओं ने शांति का रास्ता अपनाने का गंभीर प्रयास किया। अब हमारी बारी है।पीएम ने आगे कहा कि पिछले 7-8 साल में भारत ने 55 हजार किलोमीटर नेशनल हाईवे बनाए हैं, जो पूरी धरती के लगभग 1.5 चक्कर लगाने के बराबर है। आज भारत आयुष्मान भारत योजना के तहत जितने लोगों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा दे रहा है, वो पूरे यूरोपियन यूनियन की कुल आबादी से ज्यादा लोगों को मिलती है। मोदी ने कहा कि आज भारत स्मार्ट फोन डेटा के उपभोग में दुनिया में नंबर-1 है। आज भारत कितनी ही दवाइयों की सप्लाई में, अनेक वैक्सीन बनाने में दुनिया में नंबर-1 है। 2014 के पहले और 2014 के बाद के भारत में बहुत बड़ा फर्क है, ये बहुत बड़ा फर्क मोदी नहीं है। ये बहुत बड़ा फर्क है स्पीड और स्केल का है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत का प्रतिभा, भारत की टेक्नोलॉजी, भारत का इनोवेशन, भारत का उद्योग इन सब ने दुनिया में अपनी एक पहचान बनाई है। आज दुनिया की बहुत सी बड़ी कंपनियां ऐसी हैं जिनके CEO भारत के हैं। आज दुनिया के 10 यूनिकॉर्न बनते हैं तो उनमें से एक भारत का होता है।2014 के पहले और 2014 के बाद के भारत में बहुत बड़ा फर्क Speed और Scale का है। आज भारत अभूतपूर्व Speed से काम कर रहा है, अप्रत्याशित Scale पर काम कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के टैलेंट, टेक्नोलॉजी, भारत का इनोवेशन और इंडस्ट्री ने आज दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। पीएम ने कहा, भारत में अगर हिमालय है, तो बाली में अगुंग पर्वत है। भारत में अगर गंगा हैं, तो बाली में तीर्थ गंगा है। हम भी भारत में हर शुभ कार्य का श्रीगणेश करते हैं। यहां भी श्री गणेश घर-घर विराजमान हैं और सार्वजनिक स्थानों पर खुशी फैला रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, अपनत्व के विषय में भारत की तारीफ तो होती ही है,

लेकिन इंडोनेशिया के लोगों में भी अपनत्व कम नहीं है। पिछली बार जब मैं जकार्ता आया था तब इंडोनेशिया के लोगों ने जो स्नेह और प्यार दिया, वह मैंने महसूस किया था।पीएम मोदी ने कहा कि ऐसा बहुत कुछ है, जो भारत और इंडोनेशिया ने अब तक संजो कर रखा है। उन्होंने कहा कि बाली की ये भूमि महर्षि मार्कण्डेय और महर्षि अगस्त्य के तप से पवित्र है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया का साथ सिर्फ सुख का नहीं है। हम सुख-दुख में एक दूसरे के दुख को बांटने वाले हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जब 2018 में इंडोनेशिया में बड़ा भूकंप आया था, उस समय भारत ने तुरंत आपरेशन समुद्र मैत्री शुरू किया था। हम लोग अक्सर बातचीत में कहते हैं- Its a small worldÐ भारत और इंडोनेशिया के संबंधों को देखें, तो ये बात बिल्कुल सटीक बैठती है। समंदर की विशाल लहरों ने भारत और इंडोनेशिया के संबंधों को लहरों की ही तरह, उमंग से भरा और जीवंत रखा है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने 39000 आवासों के लाभार्थियों को दी घर की चाबी, 34500 को पहली किस्त आवंटित



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राम विकास विभाग के सीएम आवास योजना कार्यक्रम में हिस्सा लिया। लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्मित होने वाले 34,500 आवासों के लाभार्थियों को प्रथम किस्त के आनलाइन हस्तांतरण व 39,000 आवासों के लाभार्थियों के चाबी वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार बिना किसी भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग को योजनाओं का लाभ मिला वो पीएम मोदी के कार्यकाल में मिला। सीएम योगी ने सपा पर किया हमला- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर सीएम आवास योजना के तहत 34,500 आवासों के लाभार्थियों को प्रथम किस्त के आनलाइन हस्तांतरण व 39,000 आवासों के लाभार्थियों के ग्रह प्रवेश की बधाई देता हूं। पीएम नरेन्द्र मोदी ने 2016 में प्रधानमंत्री आवास योजना को लागू कि?या था। पीएम आवास योजना जिस समय लागू हुई थी उस समय प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार नहीं थी। राज्य सरकार ने अपने स्तर पर प्रस्ताव भी नहीं भेजे थे। कारगुजारियों से हम समझ सकते हैं।

## मोहन भागवत तो मस्जिद-मदरसा जाने लगे, कुछ दिनों में मोदी भी 'टोपी' पहनने लगेंगे: दिग्विजय सिंह



राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस के सीनियर नेता दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर आरएसएस और बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने मंगलवार को कहा किया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में जारी भारत जोड़ो यात्रा का असर RSS प्रमुख मोहन भागवत पर पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि भागवत को मदरसा और मस्जिद जाने पर मजबूर होना पड़ा है और कुछ ही दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी टोपी पहननी शुरू कर देंगे। दिग्विजय भारत जोड़ो यात्रा की आयोजन समिति के प्रमुख हैं। उन्होंने इंदौर में यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के बीच कहा, भाजपा इन दिनों आलोचना के लिए खासकर राहुल गांधी को इसलिए चुन रही है, क्योंकि उनकी भारत जोड़ो यात्रा के एक महीने के भीतर भागवत मदरसा और मस्जिद जाने लगे हैं। थोड़े ही दिनों में मोदी भी टोपी पहनने लगेंगे।

### भारत लौटने के बाद टोपी नहीं लगाते मोदी- दिग्विजय

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सऊदी अरब और अन्य देशों में तो टोपी पहनते हैं, लेकिन वह भारत लौटने के बाद सिर पर %टोपी% नहीं लगाते। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि 7 सितंबर से कन्याकुमारी से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा का 2 महीने के भीतर बहुत असर हुआ है। इसीलिए संघ के एक बड़े नेता को कहना पड़ा कि देश के गरीब लोग और गरीब व अमीर लोग और अमीर होते जा रहे हैं। दिग्विजय ने कहा कि आप देखिएगा, जब यह यात्रा अपने आखिरी मुकाम श्रीनगर पहुंचेगी, तब क्या होता है।

### 'SC-ST की भलाई के नाम पर केवल दिखावटी आयोजन

दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों की भलाई के नाम पर केवल दिखावटी आयोजनों पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा, हमें गर्व है कि द्रौपदी मुर्मू हमारे देश की राष्ट्रपति हैं। हम उम्मीद करते हैं कि वह मध्य प्रदेश में आदिवासियों को दी जाने वाली प्रताड़ना पर कुछ बोलेंगी। अगर वह इस विषय में न बोलना चाहें, तो हमारे प्रतिनिधिमंडल को उनसे चर्चा का समय दे सकती हैं। पिछली बार अनुसूचित जाति के रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति बने थे। प्रधानमंत्री बताएं कि उनकी सरकार ने कोविंद के कार्यकाल के दौरान देश के करोड़ों दलितों के हित में क्या किया?

### भाजपा की क्र टीम है आप और AIMIM- दिग्विजय

गुजरात के आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की सक्रियता पर भी दिग्विजय ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि वह बरसों से बोलते आ रहे हैं कि ये पार्टियां संघ की कांग्रेस मुक्त भारत परिकल्पना का हिस्सा और भाजपा की बी टीम हैं। उन्होंने दावा किया कि दोनों पार्टियां (आप और एआईएमआईएम) सिर्फ अन्य दलों के वोट काटने के लिए चुनाव लड़ती हैं, ताकि भाजपा को मदद मिल सके।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जनसमस्याएं

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए जनशिकायतों के निस्तारण में शिथिलता कदापि न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी कार्यालय में समस्त कार्यदिवसों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें। जनशिकायतों पर मात्र आदेश देने की औपचारिकता न करके सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि यदि किसी प्रार्थी की समस्या ज्यादा समय से लम्बित है, तो दूरभाष पर राजस्व व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित कर प्राप्त समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। विशेष कर भूमि सम्बन्धी विवाद में उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी यदि आवश्यक हो तो राजस्व व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे कि समस्या का स्थायी रूप से निराकरण हो सके। जनसुनवाई के समय अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों के लापरवाही की कोई शिकायतें प्राप्त होती हैं, तो कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे कि प्रदेश में मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को भरपूर शक्ति से लागू किया जा सके। आई0 जी0आर0 एस0 की प्रणाली लागू है एवं यह देखने में आया है कि कतिपय विभागों में लम्बे समय से जनशिकायतों का निस्तारण नही किया जा रहा है समय से जन शिकायतों की निस्तारण न होने से निस्तारण में रैंक न्यूनतम स्तर जाने की संभावना प्रबल रहती है, ऐसे में अधिकारियों से अपेक्षा है कि स्वयं नियमित रूप से आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन, संपूर्ण समाधान दिवस व थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा कर निस्तारण भी सुनिश्चित कराए। समीक्षा के दौरान जिस किसी ब्लाक, तहसील या थाना में अधिकतम शिकायतें लम्बित होगी, उनसे सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। .आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/पंचायत 04, अधिशसी अभियंता जल निगम 02, अधिशासी अभियंता ग्रामीण सड़क योजना 01, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग 01, उपजिलाधिकारी जमुनहा 01, खण्ड विकास अधिकारी गिलौला 01, जिला कार्यक्रम अधिकारी 06, जिला पूर्ति अधिकारी 01, समाज कल्याण अधिकारी 02, तहसीलदार जमुनहा 04, पशुपालन विभाग 02, प्रभागीय वनाधिकारी 01, स्वास्थ्य विभाग 05, सम्पत्ति प्रबन्धक 01 एवं सहायक विकास अधिकारी सिरसिया 01 शिकायतें लम्बित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि 03 दिवस के अन्दर लम्बित शिकायतों का निस्तारण कर रिपोर्ट प्रेषित की जाए और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाए।

# खेल प्रतियोगिता का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला क्रीडाधिकारी शिवकुमार यादव ने बताया है कि जिला खेल कार्यालय, श्रावस्ती द्वारा स्पोर्टस स्टेडियम भिनगा में जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स आयोजित किया जायेगा।प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स 21 नवम्बर, 2022 प्रातः 11 बजे से स्पोर्टस स्टेडियम भिनगा में, मण्डल स्तर पर 23 नवम्बर, 2022 प्रातः 11 बजे जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम गोण्डा में तथा प्रदेशीय प्रतियोगिता के आयोजन 24 नवम्बर 2022 से 01 दिसम्बर, 2022 तक बाराबंकी में किया जायेगा। उन्होने यह भी बताया कि टीम के खिलाड़ियों को अपनी जन्मतिथि प्रमाण पत्र की मूल प्रति व छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा, इसके अभाव में प्रतिभाग नही कराया जायेगा।


चयनित खिलाडियों को मण्डलीय चयन/ट्रायल्स में भाग लेने हेतु निर्धारित तिथि को क्षेत्रीय खेल कार्यालय, जवाहर लाल नेहरू स्पोर्टस स्टेडियम, गोण्डा भेजा जायेगा।

# दिव्यांगजन निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल हेतु करें आवेदन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया है कि जनपद के ऐसे दिव्यांगजन जिन्होंने निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल हेतु विभागीय वेबसाइट **www.hwd.uphp.in** पर ऑनलाइन आवेदन किया है। उक्त दिव्यांगजनों की शारीरिक स्थिति की सक्षमता का भौतिक परीक्षण तकनीकी समिति द्वारा किया जाना है। उक्त दिव्यांगजनों का तकनीकी परीक्षण 16 एवं 17 नवम्बर, 2022 को कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन कमरा नं0-19 भिनगा, श्रावस्ती में किया जाना सुनिश्चित है। उक्त दिव्यांगजनों का परीक्षण ऑनलाइन आवेदन के क्रम में किया जाना है, जिसकी सूची जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय के बाहर चस्पा की गयी है, दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए कार्यालय द्वारा भी दूरभाष के माध्यम से दिव्यांगजनों को तकनीकी परीक्षण के लिए सूचना दी जा रहा है जानकारी के लिए के दूरभाष मो0नं0-6307000093 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# शासन की प्राथमिकता के बाद भी जसरथपुर के स्कूलों में नहीं कराया जारहा सौंदर्यीकरण





लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- अकराबाद - उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकता में है स्कूलों का सौंदर्य करण कराना लेकिन ग्राम प्रधान कल्याणपुर माजरा जसरथपुर के स्कूलों के साथ भेदभाव कर रहे हैं यहां स्कूलों में सौंदर्यीकरण नहीं कराया जा रहा है। गांव जसरथपुर निवासी संजीव कुमार उपाध्याय ने तहसील कोल के समाधान दिवस में जिलाधिकारी को दिये एक शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है। कि धनीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कल्यानपुर के माजरा जसरथपुर में संचालित सरकारी स्कूलों का सौंदर्य करण शासन की प्राथमिकता होने के उपरांत भी नहीं हो पाया है। बार-बार शिकायत के बाद भी मात्र एक स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का नाम नाममात्र के लिए सौंदर्यीकरण हो पाया है। जबकि के ग्राम पंचायत द्वारा अन्य विकास कार्यों को कराया जा रहा है। प्राथमिकता सबसे पहले सरकारी स्कूलों के सौंदर्यीकरण कराने जाने की है। जिलाधिकारी से प्राथमिकता के आधार पर जसरथपुर के स्कूलों के सौंदर्यीकरण कराये जाने की मांग की हैं।

# पीडब्ल्यूडी की सरकारी जमीन पर कब्जे की तैयारी

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाजहाँपुर - खुटार थाने के पास स्थित पीडब्ल्यूडी की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की तैयारी को लेकर स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से कब्जे की तैयारी को मुहर्त दे दिया गया है सोमवार की देर शाम मौके मटेरियल को पहुंचा दिया गया है प्राप्त सूचना के अनुसार दो स्थानीय लोगों ने ही सरकारी भूमि पर कब्जा कराने का ठेका भी लिया है कार्यवाहक थाना खुटार प्रभारी रामायण सिंह की जानकारी के अनुसार उन्हें इस बात की कोई भी जानकारी नहीं है उन्होंने कहा कि जिसे भी जानकारी चाहिए वह पी.डब्ल्यू. डी. विभाग से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# पति सहित छह लोगों को नामजद कराया

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ - थाना क्षेत्र के गांव हरदुआ देहात निवासी युवती ने पहले से विवाहित पति पर धोखे से शादी करने व दहेज की मांग पूरी न होने पर गर्भपात कराकर घर निकालने के आरोप में पति सहित छह लोगों को नामजद कराया है विवाहिता खुशबू ने बताया कि वर्ष 2019 में उसकी शादी कस्बा पहासू जिला. बुलंदशहर निवासी दुर्गेश के साथ हुई थी। शादी के बाद उसें पता चला कि दुर्गेश पहले से शादीशुदा है। शादी के छह माह बाद वह गर्भवती हुई तो ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी होते देख साजिश रचकर झोलाछाप डाक्टर से गर्भपात कराकर घर से निकाल दिया। वह मायके आकर रहने लगी तो पति उस पर दबाव बनाने लगा। इस मामले में पुलिस द्वारा सुनवाई न करने पर एसएसपी के आदेश पर पति, ससुर, सास ननद, ननदोई सहित छह लोगों को नामजद किया गया है। वहीं एक अन्य मामले में गांव कोडरां. निवासी विवाहिता ने ससुरालीजन पर मारपीट कर हाथ- पैर बांधकर गांव के बाहर छोड़ने का आरोप लगाया है। इसमें पति सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी देवेंद्र सिंह के मुताबिक उसने अपनी पुत्री रेनू की शादी वर्ष 2016 में चकाथल थाना अतरौली व हाल निवासी रामबाग कालोनी अलीगढ़ निवासी लखबेंद उर्फ लकी पुत्र महीपाल साथ की थी। आरोप है कि 13 नवंबर को पति लखबेंद्र, ससुर महीपाल, सास गुड्डी व देवर जसबेंद्र उर्फ चिंकी ने रेनू के साथ मारपीट की और होथ पेर बांधकर कार में डालकर गांव के बाहर छोड्कर भाग गएं। स्वजन उसे लेकर थाने लेकर पहुंचे, जहां पति, ससुर, सास व देवर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नगर निगम एवं नगर पंचायत एवं पार्षद सभासदों के चुनाव में विपक्ष चारों खाने चित गिरेगा-राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ - भाजपा किसान मोर्चा की पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहां है कि अबकी बार नगर निगम के चुनावों में पहले से अधिक बहुत संख्या में तो सभासद जीतेंगे मेयर भी भाजपा का जीतेगा उन्होंने ठोके कहां है इस चुनाव में विपक्ष चारों खाने चित गिरेगा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष



ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि नगर निगम के चुनावों को भाजपा पूर्ण बहुमत से पहले से अधिक बहुमत से जीत रही है उन्होंने कहा है जितनी पुरानी नगर पंचायत है जितनी नई नगर पंचायत है सब पर भाजपा के प्रत्याशी विजई होंगे भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि महानगर अलीगढ़ नगर निगम के हर वार्ड मैं भाजपा परचम लहर आएगी इस चुनाव में भी नगर निगम के सदन में भी विपक्ष चारों खाने चित् गिरेगा

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास खण्ड मूढापाण्डे में प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी वितरण कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास परिसर में स्थापित पुस्तकालय का किया गया निरीक्षण विकास खण्ड मूढपाण्डे में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के 10 लाभार्थियों को गृह प्रवेश हेतु चाबी वितरण कार्यक्रम जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। चाबी वितरण कार्यक्रम के पश्चात् विकास खण्ड मूढापाण्डे की ग्राम पंचायत चमरौआ में जिलाधिकारी द्वारा श्रीमती बविता पत्नी आदेश ( प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी ) को ग्राम में पहुंचकर गृह प्रवेश एवं चाबी वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, ब्लाक प्रमुख श्री नवदीप यादव, खण्ड विकास अधिकारी श्रीमती श्रद्धा गुप्ता एवं विकास खण्ड के सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# प्रतियोगिता में दिखी बच्चों की ट्रैफिक जागरूकता

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद- राजकला पीडीए गर्ल्स इंटर कॉलेज में यातायात सप्ताह का समापन समारोह किया गया। प्राइमरी विभाग के बच्चों ने निबंध, भाषण प्रतियोगिता, नाटिका आदि के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। डीएसपी अर्पित कपूर मुख्य अतिथि रहे। प्रबंधक संदीप गुप्ता, यातायात प्रभारी पवन त्यागी, प्रधानाचार्य डॉ. मधुबाला त्यागी ने 18 साल से कम उम्र के बच्चों को गाड़ी नहीं चलाने के लिए कहा। संचालन डॉ. प्रगति शर्मा ने किया। शोभा यादव, डॉ.रुचि रस्तोगी, सोनल, दीपा यादव, पूनम सिंह आदि रहीं।

# रोज़ेफ़ फ़ाउंडेशन सेंटर में मोहम्मद यूसुफ़ ख़ान मिंटो ने हैप्पी चिल्ड्रेन्स डे बच्चों के साथ बनाया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- रोज़ेफ़ फ़ाउंडेशन सेंटर में मोहम्मद यूसुफ़ ख़ान मिंटो ने हैप्पी चिल्ड्रेन्स डे 2022 बच्चों के साथ बनाया ..! मोहम्मद यूसुफ खान मिंटो ने बताया हमारे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर रेशममान शाहीन मैडम और गेस्ट ऑफ ऑनर संजीदा हसन मैडम रही ..!डॉक्टर रेशमन शाहीन, संजीदा हसन और मोहम्मद यूसुफ खान मिंटो ने सभी बच्चों को चिल्ड्रेन्स डे बारे में बताया हर वर्ष 14 नवंबर को पूरे उत्साह के साथ भारत में बाल दिवस को मनाया जाता है। इसे शिक्षकों और विद्यार्थियों के द्वारा स्कूल और कॉलेजों में पूरे जूनून और उत्सुकता के साथ मनाया जाता है। इसमें बच्चों द्वारा ढ़ेर सारे कार्यक्रम और क्रियाकलाप में भाग लिया जाता है। स्कूल की इमारत को अलग-अलग रंगों, गुब्बारों और दूसरे सजावटी वस्तुओं से सजाया जाता है। बाल दिवस 14 नवंबर को पंडित जवाहर लाल नेहरु के जन्म दिन के अवसर पर मनाया जाता है क्योंकि वो बच्चों से बहुत प्यार करते थे। देश के लिये चाचा नेहरु के महान कार्यों को याद करने के लिये नृत्य, गीत, कविता पाठ हिन्दी अथवा अंग्रेजी में, तथा भाषण आदि क्रियाकलापों में बच्चे भाग लेते है। जैसा कि हम सभी जानते है बच्चे देश के उज्वल भविष्य हैं। बच्चों से ढेर सारे प्यार और लगाव के साथ अच्छे से बर्ताव करना चाहिये। पंडित नेहरु भारत के पहले प्रधानमंत्री होने के साथ-साथ बच्चों के सच्चे साथी भी थे। उन्हें बच्चों से बेहद लगाव था और वो हमेशा उन्हें दिल के पास रखते थे। सामान्यत: बच्चों के द्वारा उन्हें चाचा नेहरु कहा जाता था। अत: पंडित नेहरु को आदर और सम्मान देने के लिये हर वर्ष 14 नवंबर को पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। मोहम्मद यूसुफ खान मिंटो ने बताया हम ने सब ही बच्चों को नाश्ता ब्रेकफास्ट करवाया ..! मोहम्मद युसूफ खान मिंटो ने बताया हमारे रोजेफ फाउंडेशन सेंटर में सब ही बच्चों बिल्कुल फ्री में पढ़ा या जाता है और मोहम्मद यूसुफ खान मिंटो रोजेफ फाउंडेशन टीम के सदस्यों का शुक्रिया अदा किया ..!



# प्रदेश सरकार ईको टूरिज्म को प्रोत्साहन देने हेतु कृत संकल्पित-कमिश्नर

अफाक-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-कमिश्नर मुरादाबाद मंडल श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने बताया है कि प्रदेश सरकार की इको टूरिज्म को प्रोत्साहन देने की योजना के अंतर्गत अमानगढ़ टाइगर रिजर्व जिला बिजनौर मुरादाबाद मंडल में पर्यटन सत्र 2022-23 के अंतर्गत जंगल सफारी का शुभारम्भ कु0 शुशांत सिंह विधायक बढ़ापुर द्वारा जंगल सफारी ( जिप्सी ) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वन संरक्षण श्री उमेश चन्द्रा ने इस अवसर पर बताया कि अमानगढ़ टाइगर रिजर्व उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर में सबसे प्रतिष्ठित सुंदर और समृद्ध जंगल क्षेत्र में से एक है जो घास के मैदानों, आर्द्रभूमि और घने जंगल के संयोजन के साथ लगभग 9500 हेक्टेयर ( 95 वर्ग किलोमीटर ) के क्षेत्र में फैला हुआ है यह क्षेत्र उत्तर प्रदेश के तीन टाइगर रिजर्व में से अमानगढ़ दुधवा और पीलीभीत के बाद एक महत्वपूर्ण इको टूरिज्म स्पॉट के रूप में विकसित हो रहा है अमानगढ़ को 21 जुलाई 2012 को अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित किया गया था वर्ष 2012 में रिजर्व में 13 बाघ थे, जो अखिल भारतीय बाग आकलन 2018 में कुल 20 तक पहुंच गए। जंगल सफारी अभी दिन में दो बार सुबह 6:30 एवं दोपहर में 2 बजे चलेंगी। कार्यक्रम के दौरान रमेश चंद्रा, वनसंरक्षक मुरादाबाद वृत्त, अनिल पटेल डीएफओ बिजनौर, अरविन्द कुमार सिंह, एडीएम वित्त, बिजनौर, एसपी पूर्वी, बिजनौर, एआर रहमान वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ज्ञान सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी बिजनौर द्वारा किया गया।

# दि बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी इक्कीस नवंबर को लेगी शपथ

अफाक
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे बार काउंसिल के चेयरमैन,दि बार एसोसिएशन एडं लाइब्रेरी का शपथ ग्रहण इक्कीस नवंबर को बार प्रागंण में होगा। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बार काउंसिल के चेयरमैन व दो सदस्य होंगे। मुख्य अतिथि के नाम पर मुहर लगने के साथ ही बार पदाधिकारी शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जुट गए हैं। एक नवंबर को दि बार एसोसिएशन एडं लाइब्रेरी के चुनाव परिणाम आने के बाद अध्यक्ष,महासचिव समेत 21 पदों के लिए पदाधिकारी नियुक्त हो गए। कई दिनों से बार पदाधिकारी शपथ ग्रहण के लिए मुख्य अतिथि तय करने में लगे। काफी प्रयासों के बाद अब मुख्य अतिथि का नाम फाइनल हो पाया। नव नियुक्त महासचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम 21 नवंबर को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बार काउंसिल के चेयरमैन मधूसूदन त्रिपाठी होंगे, उनके साथ बार काउंसिल के सदस्य इमरान मामूद व एक अन्य सदस्य पहुंचेंगे। बार परिसर में होने वाले कार्यक्रम को लेकर नई कार्यकारिणी पुराने पदाधिकारियों की मदद से कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गई है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Falling inflation

It is pleasant that after 19 months there has been a decline in the wholesale inflation rate and it has come down to 8.39 in the month of October. The moderation in retail inflation is also encouraging. It is worth noting that almost since last year, inflation was rising, concerns were being raised time and again and the Reserve Bank of India has also made changes in monetary policy from time to time, now the results are out. Earlier, in March 2021, the inflation rate was at 7.89 percent, the inflation rate is expected to decrease further in the coming months. In the interest of the Indian economy and most of the people, it is necessary that inflation should not only be low, but should remain around 6 percent. Generally, there should be an inflation rate of two percent to six percent, above that when the rate rises, not only the common people, but also the industries are in trouble. Now that wholesale inflation has come down to double digits, there is hope that there will be relief in the coming months. By the way, the difference of about five points in the wholesale inflation rate has come in a month's time, then it is also surprising. Wholesale inflation is reported to have come down in October 2022 due to reduction in the prices of mineral oil, metals, fabricated metal products, other non-metallic mineral products. Inflation in vegetables stood at 17.61 per cent in October as against 39.66 per cent in the previous month. Inflation in fuel and power has also been 23.17 percent. Inflation in manufacturing products has been recorded at a low of 4.42 per cent. Especially the prices of vegetables are pricking the common people more and hence a common man can raise questions after seeing the wholesale inflation figures. Kitchen and fuel are enough to spoil the budget of the common man. Recently, Reserve Bank Governor Shaktikanta Das had hoped that the inflation rate would be below 7 per cent in October, but it did not happen because the prices of vegetables and fuel are largely not co-operating. It is said that in the last six or seven months, both the Reserve Bank of India and the government have taken several steps to bring down inflation. According to the RBI governor, the central bank has increased interest rates on its part, while the government has taken several supply-side measures. Still, there is still a gap. India's retail inflation, which is measured by the Consumer Price Index (CPI), fell to a three-month low of 6.77 per cent in October. The figures released by the Ministry of Statistics and Program Implementation are encouraging. In September, the retail inflation rate was 7.41 per cent. Despite hitting a three-month low, retail inflation has remained above the Reserve Bank's upper limit of 6 per cent for the 10th consecutive month. The government has told the Reserve Bank that it has to keep the inflation rate in the range of two to four percent for the five-year period ending 2026. However, achieving this goal is not easy. To reduce inflation, it will be necessary to take steps on many fronts and take tough decisions. More than it is necessary to focus on production, it is necessary to facilitate supply, so that prices can be reduced according to the population.

# Alia Bhatt posted her first photo after becoming a maother, people asked the name of the girl

Alia Bhatt has recently become a mother. She has given a glimpse of how much she is enjoying motherhood to her fans. Alia's face is not visible in the picture. Only one cup is visible. Many people including her mother Soni Razdan have left loving comments for Alia. Many of his fans have demanded that if the face of the daughter is not shown, then at least tell her name. The joy of becoming a mother- Bollywood celebs get immense love from their fans. Especially if there is an important occasion in his life, people are very interested in it. Alia Bhatt and Ranbir Kapoor have recently become parents. Now her fans are showering love on every post that comes on Aaliya's Instagram and are also waiting for a glimpse of the daughter. Alia has posted her first picture after giving birth to the baby girl. His face is blurred in this. People said – We have become Mama – Aaliya has taken a cup in which Mama is written. Aliya is blurred, her glimpse is visible. It is clear from the photo that Alia, who has become a new mother, is enjoying her motherhood and is quite happy. Alia's mother commented, baby. Many people have made heart emoji on Alia's post. Saif Ali Khan's sister Saba has also given him love. At the same time, a user has jokingly written, 'Hey, we have become maternal uncle, Alia is saying this. There is a comment, now share the picture of the baby or at least reveal the name. Many more people have demanded to show the picture of the baby.




# Mahesh Babu's family badly broken by the death of superstar Krishna, shared an emotional post

South superstar Mahesh Babu's father Krishna Ghattamaneni breathed his last at 4 am on Tuesday. He was suffering from cardiac arrest. Krishna Ghattamaneni was a well-known superstar of the Telugu industry. His death has caused a wave of mourning in the film industry. Many artists including Rajinikanth, Jr NTR, Kamal Haasan have expressed grief over the death of Krishna Ghattamaneni. Mean- while, the Ghattamaneni family has shared an emotional post on his demise. This statement has been shared on the official page of GMB Entertainment. 'Goodbyes are not forever' - The post said, 'It is with great sadness that we have to inform about the demise of Krishna Garu. Not only on the movie screen but he was a superstar in many ways. He will live on forever through his work and through all the people whose lives he influenced. He loved us dearly and we will miss him every day. But as the saying goes, goodbyes are not forever until we meet them again. Apart from Mahesh Babu and Namrita Shirodkar, this statement has been issued on behalf of their children Gautam, Sitara and Mahesh Babu's sisters Priyadarshini, Manjula and Padmavati. Padma Bhushan was honored Krishna Garu-Krishna Ghattamaneni had worked in more than 350 films. He was not only a well-known actor, but also earned a name as a director and producer. He won the hearts of people with his work. In 2009, he was honored with the Padma Bhushan Award. Earlier in 1997, he was given the Filmfare Lifetime Achievement Award.



### अंशुल शर्मा चौकी इंचार्ज पनैठी बने घायल के मसीहा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-अकराबाद - मंगलवार की शाम शेखाझील के निकट अचानक सड़क पर आई भैंस से टकराकर बाइक सबार गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है। जनपद हाथरस के थाना सिकंदराराऊ के गांव फुलरई निवासी नारद पुत्र सतीश बाइक द्वारा कासगंज से अलीगढ़ जा रहा था। वह जैसे ही पनेठी गंगीरी रोड पर शेखाझील के निकट पहुंचा तभी अचानक बीच सड़क पर आई भैंस से बाइक टकरा गई। हादसे में नारद गंभीर रुप से घायल हो गया।पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल अलीगढ़ भेजा है।

# पनैठी चौकी इंचार्ज अंशुल शर्मा ने वारंटी को भेजा जेल



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-अकराबाद- थाना पुलिस ने मंगलवार को एक बारंटी को पकड़कर जेल भेजा है। पनेठी पुलिस चौकी प्रभारी अंशुल शर्मा ने बताया है कि रोबिन पुत्र पप्पू निवासी गांव दुम्हैरा दुष्कर्म व पास्को एक्ट के मामले में न्यायालय से बांछित चल रहा था। पुलिस ने कोर्ट से बारंट के आधार पर उसे पकड़कर जेल भेजा है।

# 75वां वार्षिक निरंकारी संत समागम

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-रूहानियत और इन्सानियत के दिव्य संदेश को दर्शाने वाले 75वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य आयोजन दिनांक 16 नवम्बर से 20 नवम्बर तक होने जा रहा है। इसी श्रृंखला के अंतर्गत सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन कर कमलों द्वारा समागम सेवाओं का उद्घाटन दिनांक 18 सितम्बर को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में किया गया। उसी दिन से ही दिल्ली एवं भारत के अनेक राज्यों व शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों एवं सेवादल के सदस्यों द्वारा नित्य प्रतिदिन सेवाओं में योगदान दिया जा रहा है। साथ ही सत्गुरु के पावन दर्शन पाकर सभी भक्त प्रफुल्लित हो रहे हैं। मिडिया प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि निरंकारी मिशन की ब्रांच एटा के अवागढ़, जलेसर , जैथरा, धुमरी, निधौली कलां, कालियानपुर आदि स्थानों से निरंकारी भक्त बसों ,ट्रेन, व निजि यातायात के साधनों से हजारों की संख्या में ब्रांच एटा से आध्यात्मिक स्थल समालखां हरियाणा में होने वाले 75 वे निरंकारी संत समागम के लिए प्रस्थान करेंगे।

# आदर्श इण्टर कॉलेज में उपजिलाधिकारी ने किया बहुउद्देशीय सभागार का शुभारंभ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जलेसर- बाल दिवस के मौके पर आदर्श इंटर कॉलेज में नवनिर्मित योगेश चंद्र बहुद्देशीय सभागार का शुभारंभ उप जिलाधिकारी राम नयन ने किया उन्होंने कहा कि बहुद्देशीय सभागार के निर्माण से कई समस्याओं का समाधान होगा वही छात्र छात्राओं को कार्यक्रम करने में आसानी होगी। शुभारंभ के उपरांत बाल दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के संबंध में विचार व्यक्त किए कार्यक्रम के उपरांत प्रधानाचार्य अजय मोहन शर्मा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नरायन सिंह ने किया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक मिथिलेश कुमार, विद्यालय के प्रबंधक संजीव कुमार अग्रवाल, कवि डॉ उपेंद्र झा, अकबर सिंह अकेला,रामफल सत्संगी,बंटू जैन उदयवीर सिंह यादव, राजबहादुर सिंह,डा.संजय वर्मा, महेश चन्द्र यादव, मुकेश कुमार, विलेश्वर कुमार अशर्फीलाल लवानिया जी, ममता गुप्ता सीमा, विजय पाठक, कुलदीप सिंह वीरेंद्र सिंह, कुन्देश जैन,सहित विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# 02 आरोपियों को 03- 03 वर्ष कारावास एवं 1000-1000 हजार रुपये के जुर्माने की मिली सजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से लूट की घटना की घटना के मामले में 02 आरोपियों को 03-03 वर्ष कारावास एवं 1000-1000 हजार रुपये के जुर्माने की मिली सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 14.11.2022 को अभियुक्त 1- रियाजुद्दीन पुत्र फजरूद्दीन नि0- कोठिया गंज थाना अकराबाद अलीगढ 2-बबलू पुत्र अली खान निवासी सिल्हा थाना हरदुआगंज अलीगढ संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 40/19 धारा 392, 411 भादंवि थाना सकरौली एटा व मु0अ0सं0-125/19 धारा 394, 411 भादंवि थाना अवागढ एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय डकैती कोर्ट एटा द्वारा प्रत्येक अभियुक्त को 3-3 वर्ष कारावास एवं 1000-1000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया।

# जिला कारागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन संपन्न

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुपालन में जनपद एटा में विधिक जागरूकता के माध्यम से नागरिकों के सशक्तिकरण हेतु 02 सप्ताह के महाअभियान को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्ववाधान तथा माननीयअध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश निर्देशानुसार दिनांक 11-11-2022 को जिला कारागार एटा में निरुद्ध बंदियों हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन मध्यस्थगण कन्ही लाल शर्मा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों द्वारा किया गया। मध्यस्थगण द्वारा कारागार में निरुद्ध बंदियों को उनके बहुत मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कानूनों के प्रति जागरूक किया गया तथा सरकार द्वारा नागरिकों के सशक्तिकरण हेतु वर्तमान में विभिन्न योजनाएं चलायी जा रही है, जिसका लाभ उठाकर आप स्वयं का सशक्तिकरण कर सकते हैं अब इन सभी योजनाओं का लाभ उठाने हेतु सरकार द्वारा विभिन्न डिजिटल माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं

जैसे विधिक चैट बुक, व्हाट्सएप, चेट बुक, लीगल एंड केस मैनेजमेंट सिस्टम, ऑनलाइन मीडिएशन पोर्टल आज का उपयोग कर घर बैठकर ही लाभ उठा सकते हैं आप स्वयं परिवार एवं समाज का सशक्तिकरण कर सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित रहे मीडिएटरगण कन्ही लाल शर्मा, पी0एल0बी0 पुष्पेंद्र सिंह तोमर, जेलर एवं डिप्टी जेलर एवं समस्त कारागार कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# प्रमाण पत्र रिनुअल को 10 चक्कर लगा चुका दिव्यांग हरविलास

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- प्रमाण पत्र का रिनुअल कराने के लिए सीएमओ कार्यालय के दस चक्कर काट चुका दिव्यांग हरविलास परेशान हो चुका है। सोमवार को प्रार्थना पत्र पर डीएम के आदेश कराने के बाद सीएमओ कार्यालय के बाहर अधिकारियों का इंतजार कर रहा। उसकी पत्नी मार्गश्री पति के प्रार्थना पत्र को अधिकारियों के पास पहुंचाने को घूमती रही। किसी ने भी उसकी एक न सुनी।

डीएम कार्यालय में दिए प्रार्थना पत्र दौलपुरा निवासी दिव्यांग हरिविलास ने बताया है कि उसकी प्रमाण पत्र 60 प्रतिशत का है। उसे नया कार्ड बनवाना है। उसके लिए आवेदन पत्र को 2007 में ऑनलाइन कराया है। उसके बाद से वह दस बार सीएमओ कार्यालय में नया दिव्यांग कार्ड बनवाने को दस बार आ चुका है। फिर भी उसका प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा रहा है। जिस पर डीएम कार्यालय से संबंधित प्रमाण पत्र पर सीएमओ एटा के लिए आदेशित किया गया है। जिसको लेकर दिव्यांग हरिविलास दोपहर में सीएमओ कार्यालय पहुंचा। जहां पर उसको पत्नी कार्यालय परिसर में ट्राईसाइकिल पर छोड़कर प्रार्थना पत्र देने को कार्यालय में इधर से उधर भटकती रही।

# बाल सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को बताए सुरक्षा से जुड़ी जरूरी बाते

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर जिले के पुलिस के द्वारा 14 से 20 नवम्बर तक बाल सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत थाना प्रभारियों के द्वारा विभिन्न आयोजन किए जा रहे है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में मंगलवार को थाना झिलमिली के द्वारा भैयाथान स्कूल, थाना चंदौरा ने दरहोरा स्कूल तथा थाना ओड़गी पुलिस के द्वारा ग्राम कैलाशनगर में छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत कर सफलता हासिल करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी व थाना प्रभारियों के द्वारा छात्रों को गुड टच-बैड टच, पास्को एक्ट, महिला संबंधी अपराध, महिला सुरक्षा के लिए बने कानूनों, साईबर क्राईम के बारे में बताकर सावधानी बरतने जागरूक किया गया। यातायात नियमों का पालन करने, वाहन बीमा कराने के फायदे-नुकसान, ड्राईविंग लायसेंस बनाने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बाल सुरक्षा सप्ताह



के तहत किए गए आयोजनों में स्कूली बच्चों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। हमर बेटी-हमर मान व थाना प्रभारी ओड़गी एन.के.त्रिपाठी, थाना प्रभारी झिलमिली नरेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी चंदौरा शिवकुमार खुटे,



महिला सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान स्कूल के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# रामानुजनगर विकासखंड स्तरीय आरक्षण राज्यव्यापी जनआंदोलन कार्यक्रम संपन्न हुआ



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया ( API ) रामानुजनगर विकासखंड स्तरीय आरक्षण राज्यव्यापी जनआंदोलन कार्यक्रम संपन्न हुआ । नरेंद्र सिंह मरकाम जिला मीडिया प्रभारी एपीआई , देवसाय बैगा जिला कार्यकारणी सदस्य, चिंतामणि राजवाड़े जिला कार्यकारणी सदस्य, सोखन सिंह उईके ब्लॉक कार्यकरणी सदस्य रामानुजनागर, राहुल ब्लॉक अध्यक्ष रामानुजनागर, शिवनाथ केराम , फलेश्वर पोर्ते, अन्य पदाधिकारी, सदस्य , क्षेत्र के आम नागरिक उपस्थित रहे ।

# प्रेमी से लड़ाई होने के बाद नदी में कूदी प्रेमिका, कहा- प्यार में मिला है धोखा

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक प्रेमिका को प्यार में धोखा मिलने पर गोमदी नदी में छलांग लगा दी। हालांकि रिवर फ्रंट पर मौजूद गोताखोरों ने युवती को नदी से बाहर निकाला। वहीं जब इस घटना की जानकारी पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचकर लड़की से पूछताछ करने लगी। ये मामला गोमती नगर के विकासखंड का है। युवती ने बताया कि पह एक साल से सौरभ नामक के युवक के साथ रिलेशनशिप थी। इस बीच प्रेमी सौरभ किसी और लड़की से प्यार करने लगा था। इस बात को लेकर युवती की अक्सर अपने प्रेमी से लड़ाई होती थी। इसी से तंग आकर उसने सुसाइड करने की ठानी। मंगलवार की दोपहर में युवती गोमती नदी के रिवर फ्रंट से छलांग लगा दी। ये देख मौके पर मौजूद गोताखोरों की टीम ने युवती को काफी मशक्कत के बाद पानी से निकाला। वहीं गोताखोरों के मुताबिक युवती अकेले ऑटो से रिवरफ्रंट पर आई थी। इसके कुछ ही देर में वह नदी में कूद गयी जिसके बाद युवती काफी देर तक तड़पती रही। कैसे भी करके उसे पानी से बाहर निकाला गया और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची गोमतीन नगर पुलिस युवती से पूछताछ करने लगी। पुलिस के मुताबिक युवती के तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन, ग्राम पंचायत विकास योजना की दी गई जानकारी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र सूरजपुर में स्थानीय सतत विकास के लक्ष्य पर आधारित 9-थीम पर ग्राम पंचायत विकास योजना जनपद स्तर के मास्टर ट्रेनर का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन द्वीप प्रज्वलित कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री लीना कोसम के द्वारा किया गया । इस दौरान उन्होंने सभी विकास खण्ड के मास्टर ट्रेनर को जनपद स्तर पर जा के गुणवत्तापूर्ण तरीके से ग्राम पंचायत स्तर के मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण देने के लिए प्रेरित किया उनके द्वारा 9-थीम अनुसार लाईन विभाग की भूमिका पर विशेष चर्चा किया गया। थीम गरीबी मुक्त एवं आजीविका युक्त ग्राम पंचायत, थीम-2 स्वास्थ्य ग्राम पंचायत, थीम-3 बाल हितेसी ग्राम पंचायत, थीम-4 परिस्थितिकीय तंत्र के संरक्षण युक्त ग्राम पंचायत, थीम-5 स्वास्थ्य एवं




हरियाली युक्त ग्राम पंचायत, थीम -6 आत्म निर्भर, बुनियादी ढांचा युक्त ग्राम पंचायत, थीम-7 सामाजिक सुरक्षित ग्राम पंचायत, थीम-8 सुशासन युक्त ग्राम पंचायत, थीम-9 लैंगिक समतुल्यता युक्त ग्राम पंचायत । उप संचालक पंचायत श्री ऋषभ सिंह चंदेल के द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना के घटक पर चर्चा करते हुए ग्राम पंचायत कार्य योजना तैयार करने की बात कही गई है। शेड्यूल अनुसार जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के द्वारा विषयवार चर्चा किया गया श्री निरोज सिंह संकाय सदस्य लाईन विभाग के 9-थीम अनुसार ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण में भूमिका पर चर्चा किया गया। श्री शशि सिन्हा डी.पी.एम. के द्वारा ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया एवं ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया बताया गया है। प्रशिक्षण के उपरान्त लाईन विभाग के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री उपेन्द्र तिवारी श्री गनपत कुमार नायक श्री महेश दोहरे, श्री सी.वी. धुर्वे, सुश्री दीपा बैरागी के द्वारा सत्र चार प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागी पंचायत एवं लाईन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527